बाल भारती पब्लिक स्कूल
गंगाराम अस्पताल मार्ग
सत्र - 2013-14
नियत कार्य - 1
कक्षा - आठ
विषय - हिंदी
नियत कार्य संख्या - 1

FA-2

पाठ्य पुस्तक: बालक ध्रुव
व्याकरण: विलोम शब्द, वाक्यांशों के लिए एक शब्द

प्र०1- एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए।
(क) छोटी रानी को कौन-सी बात अखरती थी?
(ख) बड़ी रानी के नन्हें शिशु का लालन-पालन कहाँ होने लगा?
(ग) नियमानुसार राज्य का उत्तराधिकारी कौन था?
(घ) सुनीति के अनुसार विमाता ध्रुव को कहाँ से नहीं उतार सकती थी?
(ङ) बालक ध्रुव अपनी माँ से आज्ञा लेकर कहाँ और क्यों गया?

प्र०2. किसने किससे कहा?
(क) "महाराज! आपने अभागिन के पुत्र को गोद में क्यों बैठाया है? यह आपको शोभा नहीं देता।"
(ख) "क्या किसी पुत्र को अपने पिता की गोद में बैठने का अधिकार नहीं है।"
(ग) "जाओ पुत्र उस परम पिता को प्रसन्न करो। प्रभु तुम्हारा मंगल करे।"

प्र०3:- रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द छाँटकर करें।
(क) सुरुचि जितनी सुंदर थी, उतनी ही चतुर और —— भी थी। (धूर्त, समझदार)
(ख) श्रेष्ठ कार्य हेतु पुत्र की उत्कंठा और —— देख सुनीति ने उसे रोकना उचित न समझा। (उत्साह, जिज्ञासा)
(ग) उसकी उपलब्धि में उसकी —— की मुख्य भूमिका रही। (विमाता, जननी)

प्र०4. शुद्ध कीजिए।
(i) गुणवति (ii) कपटपूर्वक (iii) द्रश्य (iv) सांतवना

प्र०5. अर्थ लिखिए।
निर्वासित, परित्यक्ता, वृत्तांत, जिज्ञासा

प्र०6. उचित विलोम शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।
(क) हिंदी शब्द-भंडार में अधिकांश सार्थक शब्दों के साथ कुछ —— शब्द भी हैं।
(ख) ह्रस्व और —— स्वरों को पृथक करो।
(ग) जीवन में हर्ष के साथ —— के क्षण भी आते हैं।
(घ) अगर किसी का हित नहीं कर सकते तो —— भी करने से बचो।
(ङ) संसार में असीमित जल राशि है, पर प्रयोग के लायक —— है।
(च) वैज्ञानिक असंभव को —— बना देते हैं।
(छ) कुछ कर (टैक्स) प्रत्यक्ष होते हैं तो कुछ ——।

प्र०7. रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द लिखकर वाक्यों को पुनः लिखिए।
(क) मेरे पिता ईश्वर पर विश्वास रखते हैं।
(ख) इस बालिका के माता-पिता नहीं हैं।
(ग) उसका हस्त-लेख पढ़ा जा सकता है।
(घ) मेरी दीदी बहुत अधिक खर्च करती हैं।
(ङ) उस सुदूर जगह पर कोई नहीं रहता।
(च) इस्कॉन मंदिर देखने योग्य है।
(छ) ईश्वर को देखना संभव नहीं है।
(ज) युवक ने कोई अपराध नहीं किया।

=